# MP BOARD CLASS 10 EM HINDI GENERAL MODEL PAPER SET 8 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 EM हिन्दी (सामान्य) मोडल पेपर सेट 8 2020

समय :3 घण्टे पूर्णांक : 100

निर्देश-(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1x5= 5 अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक के लिए 2-2 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30-75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 75-120 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5-5 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 120-150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए शब्द सीमा 200 से 250 शब्द निर्धारित है। (7+3 = 10) अंक निर्धारित है। खण्ड 'अ' के लिए 7 तथा खण्ड 'ब' के लिए 3 अंक।

प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कीजिए-

1. तुलसीदास का राम से कैसा नाता है-

(a) मित्र (b) भक्त और भगवान (c) भाई (d) गुरु और शिष्य

2. सरदार पूर्ण सिंह निबंधकार थे-

(a) द्विवेदी युग (b) शुक्ल युग (c) भारतेन्दु युग (d) शुक्लोत्तर युग।

3. 'तुम्हारी विरासत' कविता के रचयिता का नाम है-

(a) ऊषा वर्मा (b) ऊषा राजे सक्सेना (c) रमानाथ अवस्थी (d) दिवाकर वर्मा ।

4. निबन्ध रचना का प्रारम्भ माना जाता है-

(a) शुक्ल युग (b) भारतेन्दु युग (c) द्विवेदी युग (d) छायावादी युग।

5. परेश पढ़-लिखकर किस पद पर पहुँचा-

(a) नायाब तहसीलदार (b) तहसीलदार (c) कलेक्टर (d) मुंशी।

उत्तर-1. (b), 2. (a), 3. (a), 4.(b), 5. (a).

प्रश्न 2. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1. तुलसीदास ................ के कवि थे। (कृष्ण भक्ति शाखा/राम भक्ति शाखा)

2. आग शब्द का तत्सम रूप ................. है। (अग्नि /तेज)

3. मीरा के अनुसार फागुन के दिन ................ (चार/आठ)

4. जिस समास में दूसरा पद प्रधान हो वह ............ समास होता है।

(द्वन्द्व समास/कर्मधारय समास)

5. 'कर्मवीर' पाठ के लेखक ................ हैं। (हरिऔध/दुष्यंत)

उत्तर- 1. राम भक्ति शाखा, 2. अग्नि, 3. चार, 4. कर्मधारय, 5. हरिऔध ।

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य चुनकर लिखिए-

1. कर्मवीर कविता में ओजगुण है।

2 तुलसीदास जी का बचपन घोर कष्टों में बीता।

3. कर्मवीर भाग्य अच्छा होने के कारण ही सफल होते हैं।

4. 'समय नहीं मिला'व्यंग्य विधा की रचना है।

5. 'ईश्वर आपका कल्याण करे' इच्छावाचक वाक्य है।

उत्तर-1. सत्य, 2. सत्य, 3. असत्य, 4. सत्य, 5. सत्य।

प्रश्न 4. सही जोड़ियाँ बनाइए-

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| 1. छिपाने योग्य | (a) क्षितिज |
| 2. हड्डी | (b) शाश्वत |
| 3. जन्मजात विद्रोही | (c) तत्सम |
| 4. हारने वाले | (d) गोपनीय |
| 5. क्षणिक | (e) श्री अरविन्द थे |
| | (f) चरित्रहीन और कर्जदार |

(g) पतन।

उत्तर-1.(d), 2. (c), 3. (e), 4. (1), 5. (b).

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में दीजिए-

1. कश्मीर में स्तूप एवं बौद्ध बिहार किसने बनवाए थे?

2. 'जिसकी उपमा न दी जा सके' शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइए।

3. 'अपने मुँह मियाँ मिठू बनना' का क्या अर्थ है ?

4. आवश्यकता से अधिक बरसात होना।

5. भारत का मुकुट कौन है?

उत्तर-1. सम्राट अशोक, 2. अनुपम, 3. अपनी प्रशंसा स्वयं करना, 4. अतिवृष्टि, 5. हिमालय।

प्रश्न 6. तनाव के कारण कौन-कौन से रोग उत्पन्न होते हैं ?

अथवा

लेखक ने बड़ा व्यक्ति किसे कहा है ?

प्रश्न 7. कन्याकुमारी और गोश्रीनगर (कोचीन) भारत के किन राज्यों में स्थित हैं ?

अथवा

इंडियन प्रेस में काम करते हुए द्विवेदी जी ने कौन-सी पुस्तक लिखी ?

प्रश्न 8. निबंध की परिभाषा लिखते हुए किन्हीं दो निबंधकारों के नाम लिखिए।

अथवा

निबंध मुख्य रूप से कितने प्रकार के होते हैं ?

प्रश्न 9. कहानी के प्रमुख तत्व कितने हैं ? नाम लिखिए। अथवा

संस्मरण' का शाब्दिक अर्थ लिखते हुए दो संस्मरण के नाम लिखिए।

प्रश्न 10. आगत शब्द किसे कहते हैं?

अथवा

कहानी और उपन्यास में कोई दो अन्तर बताइए।

प्रश्न 11. निम्न शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए-

(i) आमरण, (ii) पंचवटी।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक-एक शब्द लिखिए-

(i) समय के अनुकूल, (ii) जिसे कोई जीत न सके।

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों के लिए विलोम शब्द लिखिए-

(i) निर्मल, (ii) टूटना, (iii) उन्नति, (iv) आदर।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

(i) भौंरा, (ii) अग्नि।

प्रश्न 13. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए

(i) गागर में सागर भरना। (ii) सिर पर कफन बाँधना।

अथवा

नीचे लिखे खंड में उपयुक्त विराम चिन्ह लगाइए-

नौकरी छोड़ने पर मेरे मित्रों ने कई प्रकार से मेरी सहायता करने की इच्छा प्रकट की किसी ने कहा आओ मैं तुम्हें अपना प्राइवेट सेक्रेटरी बनाऊँगा।

प्रश्न 14. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए-

(i) मेरे को पढ़ना है। (ii) उसे मृत्युदण्ड की सजा मिली।

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए----

(i) क्या तुम विद्यालय जाओगे? (आज्ञावाचक)

(ii) यह दृश्य बहुत सुन्दर है । (विस्मयादि सूचक वाक्य)

प्रश्न 15. जीवनी और आत्मकथा में अन्तर बताइए।

अथवा

भेंटवार्ता से क्या आशय है ?

प्रश्न 16. तुलसीदास का राम से कैसा नाता है ?

अथवा

कर्मवीर कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

प्रश्न 17. बरखा गीत में कवि ने वियोगजन्य पीड़ा को किस प्रकार चित्रित किया है ?

अथवा

'शब्द समूह खो गया है।' पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 18. 'पोटली विष की भरी है' का आशय स्पष्ट कीजिए।

अथवा

स्वागत के सुविधान से क्या आशय है ?

प्रश्न 19. उन्नत देश कौन-से दो कार्य एक साथ सँभालते हैं ?

अथवा

'हाथ की बनी भोज में रस भर जाता है।' समझाइए।

प्रश्न 20. प्रसन्न व्यक्ति की ओर लोग क्यों आकर्षित होते हैं ?

अथवा

'प्रकृति परमात्मा का ही एक रूप है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए। ..

प्रश्न 21. सभा सम्मेलनों में समय के संबंध में क्या देखा जाता है ?

अथवा

कौन-से मनुष्य आत्म-हनन का मार्ग अपनाते हैं ?

प्रश्न 22. 'सूखी डाली' एकांकी के माध्यम से संयुक्त परिवार की आवश्यकता और अच्छाइयों की ओर

संकेत किया गया है। इसे समझाइये।

अथवा

'माटी वाली भाग्यवादी न होकर कर्मठ है। कहानी के आधार पर समझाइये।

प्रश्न 23. मीरा रचित पद फागुन के दिन चार ............ में होली के माध्यम से कृष्ण भक्ति को किस प्रकार दर्शाया गया है?

अथवा

कवि तुलसीदास जी को अपनी इंद्रियों पर हँसी क्यों आती है ?

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए-

भोजन-भोजन सभी एक हैं
　　किन्तु वही है वर भोजन
जहाँ प्रेम की धारा बहती,
　　और शान्ति का आयोजन
बेर-बेर मैं इन बेरों की,
　　शबरी करता मृदुल सराह
और बेर मुझको दो सत्वर
　　खाते-खाते बढ़ती चाह।।

अथवा

वायुमण्डल है विषैला
विषधरों की भी बहुलता,
पोटली विष की भरी है,
चाहिए प्रतिपल सजगता,
मधुर-मादक-मत्त ध्वनि से,
विषधरों को कील दे जो,
है मुझे विश्वास तुम उस बीन से निश्चित बजोगे।

प्रश्न 25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

"विज्ञान के द्वारा जीवन में विशाल परिवर्तन हुए यद्यपिवे सभी मानव जाति के लिये कल्याणकारी सिद्ध नहीं हुए हैं, किन्तु उन परिवर्तनों में सबसे मुख्य और आशाप्रद परिवर्तन है वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास।विज्ञान के प्रभाव से मनुष्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रयोग करना भूल जाते हैं। केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही मनुष्य जाति

को कुछ आशा हो सकती है और उसके द्वारा ही क्लेशों का अन्त हो सकता है। संसार में परस्पर विरोधी शक्तियों के संघर्ष चल रहे हैं। उनका विश्लेषण किया जाता है और उन्हें भिन्न-भिन्न नामों से पुकारा जाता है।"

प्रश्न-(क) वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास किसकी देन है ?

(ख) गद्यांश का सारांश लिखिए।

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 26. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

भाग्यवाद आवरण पाप का, और शस्त्र शोषण का, इससे रखता दबा एक जन, भाग्य दूसरे जन का। पूछो किसी भाग्यवादी से, यदि विधि अंक प्रबल है, पदतर क्यों देती न स्वयं, वसुधा निज रत्न उगल है।

प्रश्न-(क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) पाप का आवरण' किसे कहा गया है?

(ग) कर्मवाद' का विलोम पद्यांश से चुनकर लिखिए।

(घ) उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए।

प्रश्न 27. अपने विद्यालय के प्राचार्य को अपनी पारिवारिक परिस्थिति बताते हुए शुल्क मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

अपने मित्र को जन्मदिन पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 200-250 शब्दों में निबंध लिखिए-

(1) विज्ञान के बढ़ते चरण (2) दूरदर्शन का प्रभाव (3) जनसंख्या वृद्धि

(4) पर्यावरण संरक्षण (5) जल ही जीवन है।

(ब) उपर्युक्त विषयों में से जिस विषय पर निबंध लिखा गया हो उसे छोड़कर शेष विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए।